# UP Board Solutions for Class 8 Hindi Chapter 26 मौलाना अबुल कलाम आज़ाद (महान व्यक्तित्व)

**अभ्यास-प्रश्न**

**प्रश्न 1.**
अबुल कलाम आजाद के बचपन के खेल किस भावना को प्रदर्शित करते थे?
**उत्तर :**
अबुल कलाम आजाद के बचपन के खेल उनकी नेतृत्व क्षमता, वाक्पटुता और पत्रकारिता के क्षेत्र में रुचि प्रदर्शित करते थे।

**प्रश्न 2.**
'अल हिलाल' अखबार की जमानत क्यों जब्त कर ली गई?
**उत्तर :**
सरकार के खिलाफ लिखने के जुर्म में 'अलहिलाल' की जमानत जब्त कर ली गई।

**प्रश्न 3.**
"वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महान नेताओं में से एक हैं।" आजाद के बारे में। यह बात किसने और क्यों कही?
**उत्तर :**
"वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महान नेताओं में से एक है।" आजाद के बारे में यह बात गांधी जी ने कही। आजाद राष्ट्रीयता की भावना का विस्तार और हिन्दू-मुस्लिम एकता के पक्षधर थे।

**प्रश्न 4.**
मौलाना अबुल कलाम आजाद द्वारा लिखित पुस्तकों तथा पत्रिकाओं के नाम लिखिए।
**उत्तर :**
नैरंगे आलम', 'लिसानुल-सिदक', 'अलहिलाल', 'अलनदवा' और 'वकील'।

**प्रश्न 5.**
अबुल कलाम आजाद के व्यक्तित्व के प्रमुख गुण बताइए।
**उत्तर :**
आजाद के व्यक्तित्व के प्रमुख गुण निम्न हैं

1. ओजपूर्ण वक्ता,
2. यशस्वी साहसी साहित्यकार,
3. पत्रकार,
4. उच्चकोटि का राजनेता और
5. शिक्षाशास्त्री और समाज सुधारक।

**प्रश्न 6.**
महिलाओं की शिक्षा के विषय में आजाद के क्या विचार थे?
**उत्तर :**

https://www.evidyarthi.in/

मौलाना ने महिलाओं की शिक्षा पर विशेष बल दिया क्योंकि वे मानते थे कि शिक्षित महिला पूरे परिवार को शिक्षित बना सकती है।

**प्रश्न 7.**
निम्नलिखित गद्यांश में रिक्त स्थानों की पूर्ति नीचे दिए गए शब्दों की सहायता से कीजिए ( पूर्ति करके)| सक्रिय, असहयोग, विस्तार, मिशन, विश्वास, असीमित
**उत्तर :**
आजाद को कई बार जेल जाना पड़ा। महात्मा गांधी के असहयोग आन्दोलन को उन्होंने अपना पूरा समर्थन दिया। 'राष्ट्रीयता की भावना का विस्तार' तथा 'हिन्दू मुस्लिम एकता' उनके मिशन के अंग थे। इससे उन्हें राष्ट्रीय नेताओं का भरपूर सक्रिय विश्वास और असीमित प्यार मिला।

https://www.evidyarthi.in/